हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 29 जून 2024


06 जिले के सभी विधायकों ने कहा बैतूल का विकास...



07 नक्शा तरमीम के प्रकाशन एवं स्वामित्व योजना के...





### उपार्जन समिति ने अभी तक 73 केंद्रों बनाए

# अब ग्रीष्मकालीन मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी 1 जुलाई से शुरू होगी

**सरकार द्वारा प्रदेश में किसानों की उपज मूंग एवं उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी की तिथि को एक बार फिर बदल दिया गया है। किसानों का कहना है कि 24 जून से होने वाली खरीदी को 1 जुलाई करने से किसान परेशान हैं।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सरकार ने 24 जून से मूंग खरीदी शुरू करने के आदेश दिए, लेकिन जिले में खरीदी 1 जुलाई सोमवार से शुरू होगी। शुक्रवार को स्लॉट बुकिंग चालू किए गए हैं। जिला उपार्जन समिति ने अभी तक 73 केंद्रों बनाए है। कृषि विभाग के उप संचालक जेआर हेडाऊ ने बताया शुक्रवार से किसान अपनी मूंग बेचने के लिए स्टॉल बुकिंग कर सकते हैं।

जिले में 60 हजार से ज्यादा किसानों ने मूंग बेचने के लिए पंजीयन कराया है। इस साल कुल 2 लाख 92 हजार हेक्टेयर रकबे में मूंग की फसल लगाई गई है। समर्थन मूल्य पर ग्रीष्म कालीन मूंग एवं उड़द का वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में समस्त पात्र कृषकों से एफएक्यू मापदंड अनुरूप उपार्जन कार्य के लिए तहसील नर्मदापुरम अंतर्गत रैसलपुर में, सिवनीमालवा तहसील अंतर्गत ग्राम दमाडिया में 4, मज्काखेड़ी, शिवपुर में 2, भिलाड़िया, ग्राम चौतलाय में 2, ग्राम थुआ, भरलाय, चतरखेड़ा, ग्राम बनाड़ा में 2, ग्राम गाडरिया, भमेड़ी, नंदरवाड़ा, सोमलवाड़ा, कहारिया, खुटवासा, खापरखेड़ा में 2, सांडिया, राईखेड़ी, भौखेड़खुर्द, मछेराकला, समनापुर व तहसील बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पलिया पिपरिया, वाहनवाड़ा, दहलवाड़ा एवं बनखेड़ी में केन्द्र स्थापित किए गए हैं। नर्मदापुरम अंतर्गत उन्दाखेडी, फेफरताल, कुलामडी, सावलखेडा, ब्यावरा, डोलरिया तहसील के अंतर्गत ग्राम गुनौरा, डोलरिया, डुडू गांव, डोलरिया, बेहराखेडी, डोलरिया, सोनखेडी, इटारसी के अंतर्गत ग्राम केसला, डोलरिया, सनखेडा, रैसलपुर, सौठिया, रैसलपुर, सिवनीमालवा के अंतर्गत ग्राम भिलाडिया, परसवाडा, चौतलाय, हरपालपुर, चापडाग्रहण, विसोनी कलां, खपरिया, तीली आंवली, धरमकुण्डी, भांगिया, बराखड व सोहागपुर अंतर्गत सेमरी हरचंद, पांजरा, सेमरीहरचंद, शोभापुर, अजनेरी, रेवामौहारी, झिरमटा, पिपरिया के अंतर्गत खापरखेडा, रामपुर एवं मरकाढाना को उपार्जन केन्द्र बनाया गया है।








## अवैधानिक मत्स्याखेट विक्रय पर हुई कार्रवाई

**नर्मदापुरम।** सहायक संचालक मत्स्याद्योग वीरेन्द्र चौहान ने बताया कि 1 आदेश जारी करके 16 जून से 15 अगस्त तक अवैधानिक मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय एवं मत्स्य परिवहन को प्रतिबंध किया गया है। 28 जून को मत्स्य विभाग के गठित दल द्वारा नर्मदापुरम के बंगाली कलोनी मार्केट में अवैध मत्स्य विक्रय पाए जाने पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के तहत विक्रय की जा रही मछली को जप्त कर कार्रवाई की गई। साथ ही आस-पास के सभी मत्स्य विक्रेताओं को कलेक्टर द्वारा जारी अधिसूचना के संबंध में अवगत कराया गया कि आदेश के उल्लंघन की दशा में मध्यप्रदेश मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 1981 की धारा 5 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।



## कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागायुक्त का पदभार ग्रहण किया

**नर्मदापुरम।** 2008 बेंच के आईएएस अधिकारी कृष्ण गोपाल तिवारी ने 28 जून को नर्मदापुरम संभाग के संभागायुक्त का पदभार ग्रहण किया। संभागायुक्त तिवारी मूलत उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। इससे पूर्व में वे नर्मदा पुरम जिला पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उमरिया जिले के कलेक्टर के पद पर रह चुके हैं। आज कमिश्नर कार्यालय पहुंचने पर अपर आयुक्त आरपी सिंह, उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, संयुक्त उपायुक्त विकास जीपी दोहर एवं कमिश्नर कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने संभागायुक्त का स्वागत किया।





### जिले में विकास योजनाओं की जनप्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर ने की समीक्षा

# जिले के सभी विधायकों ने कहा बैतूल का विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा गुरुवार को शासन की योजनाओं की विभागवार प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में माइनिंग, जिला शिक्षा केन्द्र, जल निगम, शिक्षा, ऊर्जा, जल जीवन मिशन, कृषि, राजस्व एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत किए गए कार्यों के अपडेट से कलेक्टर को अवगत कराया गया।

इस अवसर पर बैतूल, विधायक हेमंत खंडेलवाल, भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा बाई उईके, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे उपस्थित थे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने जिले की विभागवार उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।जिले में अविवादित नामांतरण में 68.61% प्रकरण निराकृत किए गए। इसमें सर्वाधिक 100% निराकरण के साथ आमला में प्रथम स्थान पर रह। मुलताई में 91.18% एवं भैंसदेही 83.50 प्रतिशत निराकरण के साथ तृतीय स्थान पर रहा। विवादित नामांतरण में मुलताई, शाहपुर एवं मासोद तहसील 100-100% निराकरण के साथ प्रथम रहे। इनमें गत वर्ष 349 प्रकरण लंबित थे। चालू वर्ष में 49 प्रकरण पंजीबद्ध थे।




#### बंटवारा प्रकरणों के निराकरण

अविवादित बंटवारा प्रकरणों के निराकरण में आठनेर, आमला और घोड़ाडोंगरी में 83.35, 83.33 एवं 78.26 प्रतिशत के साथ प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर है। इनमें 1173 प्रकरण गत वर्ष के लंबित थे और 580 प्रकरण चालू राजस्व वर्ष में पंजीकृत किए गए है। गत वर्ष 129 प्रकरण विवादित बंटवारे के थे। जिनमें तहसील मुलताई की साईखेड़ा वृत्त 100 प्रतिशत निराकरण के साथ प्रथम स्थान पर रहा। तहसील मुलताई और तहसील आठनेर 75 एवं 65.38 प्रतिशत के साथ द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

#### 137 अरब के अर्थदंड अधिरोपित

खनिज शाखा द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के दर्ज प्रकरण में रेत उत्खनन के कुल 8 प्रकरण अवैध परिवहन के 32 एवं अवैध भंडारण के 10 प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें एक अरब 38 करोड़ 48 लाख 05 हजार 407 रूपए के अर्थ दंडा प्रस्तावित किया गया। राजस्व वसूली में रायल्टी से वित्तीय वर्ष 2020-24-25 में निर्धारित लक्ष्य 100 करोड़ के विरूद्ध 14.09 करोड़ राशि जून तक प्राप्त की।

#### नल-जल योजना

जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में 2 लाख 65 हजार 872 परिवारों का लक्ष्य था। 2 लाख 8 हजार 195 घरेलू नाम कनेक्शन प्रदान किए गए। लक्ष्य के विरुद्ध 78.31 प्रतिशत हितग्राहियों को लाभ दिया। एकल ग्राम नल जल योजना के अंतर्गत 1096 ग्राम स्वीकृत है। इनमें समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत 220 ग्राम के लिए स्वीकृति प्रदान है।

#### कलेक्टर ने विधायक निवास पर सुनी समस्याएं


*शाहपुर। बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी शुक्रवार को शाहपुर भ्रमण के दौरान घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र की विधायक गंगा सज्जनसिंह उईके के निवास पर सौजन्य भेंट की । विधायक ने कलेक्टर को पौधा देकर स्वागत व सम्मान किया इस दौरान विधायक निवास पर आमजन की समस्याओं की जानकारी ली एवं निराकरण का आश्वासन दिया विधायक से चर्चा में कलेक्टर द्वारा क्षेत्र की विकास की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु पूर्ण सहयोग एवं क्रियाशीलता से समय सीमा में कार्य को पूर्ण करने का आश्वासन दिया विधायक निवास पर उपस्थित चंद्रकला ठाकरे निवासी मगरडोह ने मकान न होने कारण प्रधानमंत्री आवास हेतु उपस्थित कलेक्टर ने तत्काल पंचायत में आवेदन देने एवं वैकल्पिक व्यवस्था तत्काल करने हेतु कहा। विधायक उईके ने आदीवासी किले जीर्णोद्धार के संबंध में जामगढ (चिचोली), भंवरगढ़ (पॉईण्डा) असीरगढ़ (चोपना) आदि विषय में चर्चा की।*

# बदमाशों ने सुरक्षा टीम पर किया पथराव, टूट गया एंबुलेंस का कांच

### गश्ती दल को देख कुछ चोर स्क्रैप लेकर, कुछ छोड़कर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सारणी में बदमाशों ने सुरक्षा टीम पर पथराव कर दिया। पत्थरबाजी में एम्बुलेंस का कांच छतिग्रस्त हो गया है। बदमाशों के हौसले इतने ज्यादा बुलंद होते जा रहे हैं कि अब अलग-अलग गिरोह बनाकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। खास बात यह है कि एक, दो नहीं, बल्कि कई बार चोर, बदमाशों के गिरोह सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए। लेकिन मुंह पर कपड़ा बंधा होने की वजह से पहचान नहीं हो पा रही। यही वजह है कि डब्ल्यूसीएल और पुलिस विभाग चोरों के गिरोह पर नियंत्रण नहीं पा रहे। गुरुवार की रात 10से 20 नकबजन हथियारबंद चोर छतरपुर टू कोयला खदान के परिसर में घुस आए। जिन्हें देखकर कार्य पर मौजूद सुरक्षा गार्ड्स के होश उड़ गए। सुरक्षा गार्ड्स ने बिना समय गंवाए इसकी सूचना पेट्रोलिंग टीम और पुलिस को दी। गश्ती दल को देख कुछ चोर स्क्रैप लेकर भाग निकले तो कुछ स्क्रैप छोड़कर भाग गए। इसी दौरान जब चोरों और गश्ती दल का आमना सामना हुआ तो चोरों ने हवा फायरिंग का जवाब पत्थरबाजी से दिया। पत्थरबाजी में छतरपुर टू खदान परिसर की एंबुलेंस का कांच तक टूट गया है।



### मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पर कार्रवाई

# बलवा करने वालों का पुलिस ने रस्सी से बांधकर निकाला शहर में जुलूस

**बैतूल।** बीच सड़क पर लॉ एन आर्डर की धज्जियां उड़ाने वालों को एसपी के निर्देश पर सबक सिखाया गया है। कोतवाली पुलिस ने मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद तत्काल एक्शन लिया और चार आरोपियों को हिरासत में लेकर जुलूस भी निकाला। आरोपियों के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट सहित 151 की कार्यवाही की गई है। बुधवार को इटारसी रोड पर दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद जमकर हाथापाई हुई थी। बीच सड़क पर हो रहे तमाशे के बाद लोगों में भय की स्थिति भी व्याप्त हो गयी थी। आरोपी खुलेआम हाथों में हथियार लेकर गुंडई कर रहे थे। गुरुवार को इस बलवे का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी निश्चल एन झारिया ने एक्शन लेकर कोतवाली पुलिस को कार्यवाही के निर्देश दिए। जिसके बाद चार युवकों को कोतवाली पुलिस ने आनन फानन में पकड़ा लिया।






## खबर संक्षेप

### व्याख्याता हुए रिटायर किया गया सम्मानित

**बैतूल।** देहगुड़ व्याख्याता भी तिलक सोले की अपनी 9 वर्षों की सेवा पूर्ण कर शुक्रवार को रिटायर हो गए। शिक्षकों, बच्चों, व ग्रामवासियों ने पुष्पमाला, शॉल भी एल, स्मृतिचिन्ह कर कर उन्हें सम्मानित किया। अधिकांश वर्षों के उनका परीक्षा के दयारा पढ़ाये जाने वाले गणित विषय का परीक्षा परिणाम 100% रहा है, विकारे को उच्च अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जाता रहा है। स्व. कीमती कलसिया बाई अफरलाल आड़े का स्मरण कर नमन किया गया। वहीं भी सोलंकी व्याख्याता द्वारा विद्यालय परिसर के लिए 50 ट्री गार्ड डेकर पौधरोपण किया गया तथा उन्हें विकसित करने का संकल्प लिया गया। विशेष अतिथि एक्सीलेंस प्राचार्य भी एस. पचोरी, विद्यालय के प्राचार्य आरके इवे शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र, ग्रामवासी अनेक संस्थाओं के लोग, समाजसंगम समाज संगठनों के पदाधिकारी, प्रतिनिधी उपस्थित थे।

### जन परिषद का 35 वां वार्षिक समारोह 30 को



**बैतूल।** भोपाल में होने वाले जनपरिषद का 35वां वार्षिक समारोह 30 जून को भोपाल में होगा। सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर ऋषि शुक्ला, वरिष्ठ रंगकर्मी एवं प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा, पूर्व डीजीपी डीपी खन्ना, पूर्व डीजीपी एन के त्रिपाठी, पूर्व डीजीपी महान भारत सागर, पूर्व आईएएस अजात शत्रु श्रीवास्तव, एसके मिश्रा, मनीष श्रीवास्तव, जीपी श्रीवास्तव, आईएफएस अखिलेश अर्गल, मिस यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी आशिता कोचर, मिसेज यूनिवर्स टाइटैनिक ब्यूटी प्रगति सेठ एवं मिसेज वर्ल्ड वाइड भूमिका सिंह की उपस्थिति रहेगी। जन परिषद के महासचिव अजय श्रीवास्तव नीलू के अनुसार इकुछ उपलब्धि प्राप्त व्यक्तित्वों को सम्मानित भी किया जाएगा।

### करियर काउंसलिंग योजना में आवेदन करें

**बैतूल।** शासन की करियर काउंसलिंग योजना में जिला रोजगार कार्यालय के माध्यम से कॅरियर संबंधी मार्गदर्शन देने हेतु काउंसलर्स की टीम गठित की जानी है। काउंसलरों के पैनल हेतु अनुभव रखने वाले व्यक्ति जिला रोजगार कार्यालय बैतूल में 5 जुलाई तक आवेदन दे सकते हैं।


### पटरियों का रख रखाव कार्य होगा

# घोड़ाडोंगरी रेलवे गेट रहेगा बंद 4 दिन ट्रैफिक पर होगा असर

**बैतूल।** भोपाल से इटारसी और शाहपुर के रास्ते होकर छिंदवाड़ा की ओर जाने वाले बरेठा-सारणी मार्ग पर स्थित घोड़ाडोंगरी रेलवे गेट 247 चार दिन तक बंद रहेगा। रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर घोड़ाडोंगरी ने बताया कि यह रेलवे गेट 28 जून से 1 जुलाई तक रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बंद रहेगा। रेलवे गेट 247 पर के बंद के दौरान रेलवे ट्रैक की पटरियों पर सुधार और मरम्मत का काम किया जाएगा। रेलवे ट्रैक की पटरियों की मरम्मत से सुरक्षा बढ़ाने और ट्रेन संचालन में सुधार लाने की उम्मीद है। इस महत्वपूर्ण कार्य के दौरान, सड़क यातायात आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा।

#### यातायात पर असर

घोड़ाडोंगरी रेलवे गेट पर चलने वाला बरेठा-सारणी मार्ग एक महत्वपूर्ण कनेक्शन है जो बैतूल से परासिया को जोड़ने वाले स्टेट हाईवे से मिलता है। इस मार्ग पर यातायात के बंद से स्थानीय निवासियों और दैनिक यात्रियों को असुविधा हो सकती है। हालांकि, रेलवे प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि इस दौरान सड़क यातायात को एक लेन से गुजरने की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए समय-समय पर यातायात नियंत्रित किया जाएगा ताकि यात्री बिना अधिक परेशानी के अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा की योजना को इन रातों के दौरान समायोजित करें। अगर संभव हो, तो वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। विशेषकर भारी वाहनों के चालकों को इन दिनों में इस क्षेत्र से बचने की सलाह दी जाती है ताकि यातायात जाम और अन्य समस्याओं से बचा जा सके।





# अतिक्रमण से घिरे सरकारी भवन को कराया लिया मुक्त

**बैतूल।** शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कारगिल चौक और महाजन चौक पर अतिक्रमण हटाया गया। कारगिल चौक पर पीडब्ल्यूडी विभाग के सरकारी आवास को अतिक्रमणकारियों ने घेर लिया था जिसे मुक्त कराया गया। यह आवास आदिवासी विकास विभाग के कर्मचारी को आवंटित किया गया है। इसके अलावा कारगिल चौक से होर्डिंग, पान के ठेले, फल की दुकान और चाय की दुकान जो अतिक्रमण में थीं उन्हें हटाया गया। बैतूल एसडीएम राजीव कहार, तहसीलदार गोवर्धन पाठे, नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक ब्रजगोपाल परते, उपनिरीक्षक नीलकंठ राय, सहायक उपनिरीक्षक मदन विनोदकर सहित नगर पालिका की टीम और पुलिस बल ने सख्ती के साथ कारगिल चौक और महाजन चौक पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान कुछ दुकानों को जेसीबी से भी हटाया गया। परते ने बताया कि अतिक्रमण अभियान के तहत सदर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। कारगिल चौक पर चारों तरफ लोगों ने अतिक्रमण कर दुकानें खोल ली थी जिन्हें हटाया गया है। इसके अलावा चार होर्डिंग भी हटाए गए हैं।

# साइबर सुरक्षा बड़ी चुनौती, बच्चों का सचेत रहना भी बहुत जरूरीः एसपी झारिया

### आरडी पब्लिक स्कूल में पुलिस विभाग ने की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग देने के साथ-साथ उनके बहुमुखी विकास के लिए समय-समय पर समसामयिक विषयों पर केन्द्रित कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। जिसमें विशेषज्ञों, अधिकारियों, वैज्ञानिकों द्वारा विद्यार्थियों को संबंधित विषय की महत्वपूर्ण जानकारी से रूबरू कराया जाता है। आरडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर ऋतु खण्डेलवाल की पहल पर पुलिस विभाग द्वारा 28 जून को स्कूल में साइबर सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक बैतूल निश्चल झारिया ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा की विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में एसपी निश्चल झारिया ने कहा कि तकनीकि के इस दौर में साइबर सुरक्षा एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को साइबर जोखिमों से सचेत रहना अत्यंत जरूरी है।



#### साइबर सुरक्षा के गुर सिखाए

पुलिस विभाग बैतूल द्वारा आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल में आयोजित कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक झारिया ने छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा के गुर सिखाये। उन्होंने विभिन्न साइबर अपराधों के उदाहरण देकर उनकी पहचान करने और सुरक्षा की विस्तार से जानकारी दी। एसपी ने विद्यार्थियों को उपयुक्त पासवर्ड का चयन करना, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और अन्य ऑनलाइन सुरक्षा सूत्रों के बारे में अवगत कराया। एसपी ने कहा कि हमारा प्रयास अधिक से अधिक बच्चों को साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूक करने का है जिससे वे अपनी ऑनलाईन गतिविधियों को सुरक्षित रख सके। एसपी ने बताया कि साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता एक दिन में नही आ सकती है यह एक सतत प्रक्रिया है। साइबर सुरक्षा कार्यशाला में लगभग ढ़ाई सौ विद्यार्थी, प्राचार्य और शिक्षक-शिक्षिकायें मौजूद रहे। प्राचार्य ने साइबर सुरक्षा कार्यशाला आयोजित करने के लिए पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया का आभार मानकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पिता की हरकतों से बचने को जिस लड़के का सहारा लिया उसीने किया नाबालिग से दुष्कर्म

### आरोपी शादी के लिए राजी करके नाबालिग को ले गया था साथ

**भैरुंदा।** नगर में एक शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। पिता ने बेटी के साथ दुष्कर्म किया। पिता से बचने के लिए उसने एक लड़के से दोस्ती की। उसने शादी का झांसा दिया और अपने साथ ले गया। यहां दुष्कर्म किया और वापस छोड़ गया। पिता की शिकायत पर पुलिस ने लड़की को खोजा तो उसकी खुद की करतूत भी सामने आ गई। पुलिस ने पिता और प्रेमी दोनों को बुधवार देर शाम को गिरफ्तार कर लिया। भैरुंदा थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग लड़की के साथ पिता पिछले चार महीने से दुष्कर्म कर रहा था। पिता के जुल्मों को झेल रही लड़की की पहचान छिंदवाड़ा के रहने वाले मोहित से हुई। मोहित ने उसके जख्मों पर मरहम लगाया और शादी की बात कही तो वह उसके साथ जाने को राजी हो गई। लड़का उसे अपने साथ ले गया और संबंध बनाए। लड़की ने शादी की बात ही तो वह मुकर गया। लगातार धोखा मिलने से लड़की ने जान देने का मन बनाया, लेकिन बाद में उसने हिम्मत दिखाई और थाने पहुंची। उसने पुलिस को बताया कि मेरी मां का निधन हो गया है। पिता ने 4 महीने पहले दुष्कर्म किया और धमकाया कि किसी के सामने मुंह खोला तो तेरी मां के पास तुझे भेज दूंगा। पिता आए दिन जबरदस्ती करने लगे। पिता से बचने के लिए मोहित के साथ घर से चली गई। पिता ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज

# सीहोर में शराब पीने पर आपत्ति के बाद भिड़े दोनों पक्ष, शादी में लोगों को कुचलने दौड़ाई कार, मारपीट-पथराव में 8 घायल

**सीहोर।** ग्राम बुगली में शादी समारोह के दौरान वर और वधु पक्ष के बीच विवाद हो गया। मारपीट के बाद पथराव और गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। वर पक्ष के लोगों ने वधु पक्ष के सदस्यों को कार से कुचलने की कोशिश की। इसका वीडियो भी सामने आया है।

वीडियो में दिख रहा है कि खाली मैदान में दो कारें कुछ लोगों के पीछे दौड़ रही हैं। वे जान बचाने के लिए भाग रहे हैं। कुछ लोग गाड़ियों पर पत्थर फेंकते भी दिख रहे हैं। विवाद में दोनों तरफ के 8 लोग घायल हुए हैं। दोराहा थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम को हुए इस विवाद के बाद देर रात दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। इसके चलते किसी ने पुलिस में शिकायत नहीं की है।



**पथराव करने वालों के पीछे दौड़ाई गाड़ियां:** दौलतपुरा ग्राम पंचायत के मन्यासा गांव में रहने वाले शब्बीर बेलदार के बेटे की शादी बुगली निवासी इसराइन बेलदार की बेटी से तय हुई थी। मंगलवार को बारात बुगली पहुंची। यहां दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। बहस से शुरू होकर बात मारपीट तक पहुंच गई। लड़की वालों ने लड़के पक्ष के लोगों पर पथराव कर दिया। इसी दौरान बारात में आए कुछ युवक दो कारों में सवार हो गए। उन्होंने अपनी गाड़ियां पथराव कर रहे लोगों के पीछे दौड़ा दी। उन्हें कुचलने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने फिल्मी अंदाज में लोगों को कुचलने की इस कोशिश का वीडियो बना लिया। उन्होंने दोराहा थाना पुलिस को फोन लगाकर सूचना दी।

**वधु पक्ष बोला- लड़के वालों ने शराब पीकर हंगामा किया :** वधु पक्ष के लोगों ने कहा, बारात में शामिल युवकों ने शराब पी रखी थी। हमने आपत्ति जताई तो वे बदतमीजी करने लगे। उन्होंने मारपीट शुरू कर दी।

### जिला अस्पताल में सोनोग्राफी कराने वाले लोगों को मिलेगी राहत

# अरविंदो हॉस्पिटल इंदौर से लिंक होगी सोनोग्राफी मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला पिछले 6 महीनों से बिना रेडियोलाजिस्ट डॉक्टर के संचालित हो रहा है। जिला अस्पताल में सोनोग्राफी करने आ रहे गरीबों को वापस लौटना पड़ रहा है। केवल गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी हो रही है।

अब राहत की बात यह है कि जिला अस्पताल की सोनोग्राफी को इंदौर के अरविंदो हॉस्पिटल से लिंक किया जाएगा। सीधे इंदौर हॉस्पिटल से विशेषज्ञ सोनोग्राफी की रिपोर्ट ऑनलाइन देंगे। इस सेवा के शुरू होने से अस्पताल में सोनोग्राफी करवाने आने वाले लोगों को राहत मिलेगी। हालांकि अभी इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए थोड़ा और समय लगेगा, लेकिन अस्पताल में ही सोनोग्राफी की सुविधा शुरू हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट डॉ ओपी यादव दिसम्बर 2023 में रिटायर हो गए। इनके रिटायरमेंट के बाद से इनके स्थान कोई नए डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हुई है। अस्पताल प्रबंधन ने महिला डॉक्टर को ट्रेनिंग देकर गर्भवती महिलाओं की इमरजेंसी सोनोग्राफी करवाई जा रही है। अन्य दूसरे लोगों की सोनोग्राफी अस्पताल में नहीं हो रही है। जो भी व्यक्ति सोनोग्राफी के लिए अस्पताल पहुंचता है, उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ता है। इस समस्या को दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अब व्यवस्था बनाना शुरू किया है।




#### इस तरह से होगी सोनोग्राफी

सीएमएचओ डॉ रविकांत उईके ने बताया कि मुलताई के एक धर्माधिकारी के सहयोग से जिला अस्पताल की सोनोग्राफी मशीन को इंदौर के अरविंदो मेडिकल कॉलेज से ऑनलाईन जोड़ा जाएगा। स्थानीय कर्मचारियों को भी इसमें ट्रेनिंग दी जाएगी। जिला अस्पताल की सोनोग्राफी मशीन जब अरविंदो हॉस्पिटल से जुड़ जाएगी तो यहां के डॉक्टरों के माध्यम से अस्पताल में सोनोग्राफी सुविधा शुरू होगी। अरविंदो मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ डॉक्टर की सोनोग्राफी की रिपोर्ट ऑनलाईन तुरंत प्रदान करेंगे। इसके लिए ऑनलाइन एक प्रोजेक्टर भी लगाया जाएगा।

जिसके माध्यम से सोनोग्राफी के माध्यम से डॉक्टर इंदौर हॉस्पिटल से लाइव देखकर सोनोग्राफी करवाएंगे। इस सेवा के शुरू हो जाने से जिलेवासियों को सोनोग्राफी की समस्या से राहत मिल सकती है। गत दिनों अरविंदो हॉस्पिटल के संचालक डॉ विनोद भंडारी ने जिला अस्पताल बैतूल आकर व्यवस्था को देखा था।

#### इनका कहना है

जिला अस्पताल की सोनोग्राफी मशीन को ऑनलाइन निजी अस्पताल से जोड़ा जाएगा। निजी अस्पताल के डॉक्टरों के माध्यम से ऑनलाईन सोनोग्राफी होगी और रिपोर्ट भी मिलेगी। जिससे रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की कमी को पूरा किया जाएगा। निजी अस्पताल के डॉक्टर जिला अस्पताल को सहयोग करने के लिए तैयार है।

**डॉ रविकांत उईके,** सीएमएचओ, बैतूल

### अच्छी बारिश के लिए टोटके

# शिवलिंग को पानी में डुबोया




**बैतूल।** मध्य प्रदेश में मानसून ने दस्तक देदी है, अब सभी को अच्छी बारिश का इंतजार है। रुक रुककर हो रही बरसात को लेकर किसान परेशान हैं क्यूंकि वे खेतों में बुवाई कर चुके हैं। आसमान में काले बादलों की मौजूदगी के बावजूद मृग नक्षत्र पूरा निकल गया बरसात नहीं हो रही। ग्राम खेड़ी सावलीगढ़ के ग्रामीणों ने स्थानीय गंगा कुंड पर हमेशा की तरह प्राचीन शिव मंदिर में भोलेनाथ को पानी में डूबो दिया इसके पूर्व जनपद सदस्य सरोज राठौर एवं जितेंद्र राठौर के मार्ग दर्शन में पंडित उल्लास के कतपूरे ने विधिवत भोलेनाथ की पूजा अर्चना की तत्पश्चात महिलाओ और पुरुषों ने शिव मंदिर में भोलेनाथ के जयकारे हर हर महादेव के जयघोष के साथ शिवलिंग एवं नंदीश्वर को पानी में डुबोया अंत में भोलेनाथ की आरती की गई इस। अवसर पर बालमुकुंद राठौर रामराव गलफट सहित अनेक लोग उपस्थित थे खेड़ी के समाजसेवी जितेंद्र राठौर का कहना है जब भी शिव जी की साधना आराधना की है बरसात अवश्य होती है।

पटवारी सप्ताह में 2 दिन मुख्यालय में रहे, कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

# नक्शा तरमीम के प्रकाशन एवं स्वामित्व योजना के कार्य त्वरित गति से किए जाएं

सभी राजस्व अधिकारी नक्शा तरमीम के प्रकाशन में तेजी लाये एवं स्वामित्व योजना के कार्य तीव्र गति से करें । सभी एसडीएम साप्ताहिक टारगेट फिक्स कर राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें । सभी पटवारी अपने नियत मुख्यालय पर सप्ताह में 2 दिन अनिवार्य रूप से रहे। सभी राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरण के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके दिखाएं। उक्त निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने शुक्रवार को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर ने बैठक में दाडिक एवं राजस्व के न्यायालयीन प्रकरण, समग्र ईकेवाईसी तथा समग्र से खसरे की लिंकिंग कार्य , राजस्व वसूली , मुख्यमंत्री नगरीय भू अधिकार धारणाधिकार योजना, फसल गिरदावरी, ई केवाईसी, पीएम किसान आधार बैंक खाता लिंकिंग , सीएम हेल्पलाइन , सीएस की मोनिट , लंबित जवाबदावो, विस्थापित ग्रामों आदि की समीक्षा की, एवं तत संबंध में सभी राजस्व अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। बैठक मे कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों से विगत एक माह में उनके द्वारा किए गए कार्यों एवं उपलब्धियां की जानकारी ली । राजस्व महा अभियान के दौरान नामांकन , सीमांकन , बटवारा के निराकृत प्रकरणों के संबंध में पूछताछ की । कलेक्टर ने निर्देश दिए की आरसीएमएस एवं राजस्व अधिकारियों की रिपोर्ट में समानत हो। कलेक्टर ने निर्देश दिए की नामांकन सीमांकन एवं बंटवारा के प्रकरण में प्राथमिकता से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही परिलक्षित ना हो। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि वह पुराने सभी केस को चिन्हित करके नियमित अपनी कोर्ट में सुनवाई करें और प्रकरणों का निराकरण करें ।6 माह से पुराना कोई भी प्रकरण पेंडिंग ना रहे । शिविर लगाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें एवं स्वामित्व योजना तथा 6 माह से पुराने केस पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करके ऐसे प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। कलेक्टर ने साथ ही सभी राजस्व अधिकारियों को सचेत किया कि वह कोई भी गलत जानकारी ना दे । सभी जानकारियां उनकी स्पष्ट एवं सही हो। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में तहसीलदार माखन नगर के द्वारा संतुष्टि पूर्वक प्रकरणों के निराकरण पर उनकी प्रशंसा की। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि उनके प्रकरणों को निराकरण का डिस्पोजल 75% से नीचे किसी भी स्थिति में ना रहे । नामांकन सीमांकन बटवारा के प्रकरण प्राथमिकता से दर्ज किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए की कई प्रकरणों में नक्शे खसरों में नाम की त्रुटि हो जाती है उसे भी प्राथमिकता से सुधारे । उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी पटवारी एवं आरआई से काम ले। कलेक्टर ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी अगली बैठक में यह सुनिश्चित करेंगे की उन्होंने कितने लंबित प्रकरणों का निराकरण किया है। कलेक्टर ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरण के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए की सीएम हेल्पलाइन में जिला ए ग्रेड में दिखाई दे , उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी दांडिक केस को राजस्व केस की तरह निराकृत करें । कानून एवं व्यवस्था की स्थिति का पालन कराने में कोई कोताही न बरते। कानून व्यवस्था की स्थिति सर्वोच्च प्राथमिकता रहनी चाहिए। आने वाले समय में समस्याओं को अति सक्रियता से निराकृत करें। बारिश के दिनों में यदि बाढ़ आने की संभावना रहती है तो उसकी तैयारी अभी से सुनिश्चित कर लें कि उस दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चकचौबंद रहनी चाहिए। कहीं से भी अव्यवस्था की स्थिति निर्मित ना हो। कलेक्टर ने निराश्रित गोवंश के संबंध में सभी राजस्व अधिकारियों के द्वारा गत दिवस से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। राजस्व अधिकारियों ने बताया कि गोवंश को कांजी हाउस या गौशालाओं में भेजा जा रहा है, कलेक्टर ने कहां की सभी गौशालाओं में गोवंश के लिए भूसा पानी बिजली एवं सुरक्षा के लिए चौकीदार की व्यवस्था रहे और निराश्रित गोवंश को सड़कों पर छोड़ने वाले गोवंश मालिकों पर पेनल्टी अनिवार्य रूप से लगाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि गौशालाओं के सुचारू संचालन के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं से भी मदद ली जाए। उन्होंने रायसेन एवं सीहोर जिले की गौशाला में भी गोवंश भेजे जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि नजूल के प्रकरणों का निराकरण करने के लिए नियमित रूप से राजस्व कोर्ट लगाया जाए । कोर्ट में प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर डीके सिंह , नर्मदा पुरम एसडीएम नीता कोरी , सिवनी मालवा एसडीएम सरोज परिहार, इटारसी एसडीएम प्रतिक राव, डिप्टी कलेक्टर अनिल जैन, असवन राम चिरामन, डॉ बबिता राठौर एवं समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# बजरंग दल ने सेवा सप्ताह में निशुल्क स्वास्थ परिक्षण शिविर परामर्श का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का सेवा सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को निशुल्क स्वास्थ परिक्षण शिविर एवं परामर्श का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ अर्जित किया। उक्त जानकारी देते हुए विहिप जिला सह मंत्री सनुप सिंह यदुवंशी ने बताया कि बजरंग दल का 30 जून तक चलने वाले सेवा सप्ताह में आज निशुल्क स्वास्थ परिक्षण शिविर एवं परामर्श का आयोजन स्थानीय राठौर धर्मशाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि राष्टीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक नरेंद्र यादव, विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री शिव राठौर, जिला अध्यक्ष डॉ सुभाष दुबे, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेंद्र गौर, जीवा ज्योति हायर सेकंडरी स्कूल संचालक प्रवीण पर्णिकार स्थानीय पार्षद डॉ किरण राठौर, पार्षद सुनीता सूर्यवंशी, कुशवाह समाज अध्यक्ष देवीसिंह कुशवाह, इटारसी नगर मंत्री चेतन सिंह राजपूत, पत्रकार अमरदीप चौबे, बीएचआरसी ग्रुप से डॉ पूनम सिंह राजपूत, डॉ नवोदित राठौर, ईश्वर विश्नोई, देशबंधु मराठा आदि अतिथियों ने भगवान श्री राम चंद्र जी की पूजा अर्चना दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में राष्टीय स्वयं सेवक संघ विभाग प्रचारक नरेंद्र यादव ने कहा की हमारे जीवन की अति बहु मूल्य हमारा स्वास्थ है हमारे ऋषि मुनियों और बुजुर्गो ने जो जीवन पद्धति का दैनिक जीवन में चरितार्थ करने का बताया हम उसी को अपने दिनचर्या में शामिल करे जैसे योग व्यायाम आदि तो हम उत्तम स्वास्थ निरोगी काया का निर्माण कर सकते हैं हमारे आयुर्वेद का तो आज विश्व में अलग स्थान हे लेकिन एलोपैथी की शरण में रहने के कारण हम रोगी हो गए जीवन मनोरंजन हास्य सभी का बडा महत्व है सभी निरोगी स्वास्थ हो हम मिलकर इस शिविर में परामर्श लें विहिप जिला अध्यक्ष डा सुभाष दुबे ने कहा की बजरंग दल संपूर्ण जिले में इस सेवा सप्ताह में विभिन्न सामाजिक सेवा कार्य चला रहा जिसका समाज आज लाभ ले रहा है यही हमारा संकल्प हे। कार्यक्रम का संचालन विभाग मंत्री शिव राठौर ने किया एवं सभी का आभार नगर मंत्री हरीश दुबे ने व्यक्त किया। निशुल्क स्वास्थ परिक्षण शिविर एवं परामर्श में सेवा वस्ती के सेकडो नागरिकों बच्चो माताओं बहनों ने चिकित्सकों से जांच कराकर परामर्श लिया उत्तम स्वास्थ का लाभ लिया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ परिक्षण शिविर एवं परामर्श कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर सामाजिक समरसता प्रमुख रविन्द्र छीरेले बजरंग दल नगर संयोजक भुरू बग्गन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भारती केवट नगर सह सेवा प्रमुख सुशील गोहर राजेश राठौर दिलीप बग्गन ग्रामीण उपाध्यक्ष कम्मू गोर विनोद राठौर राजू मराठे रूपसिंह राठौर जितेंद्र ने बग्गन नितिन टांक विशाल गोहर विशाल गोहर दुर्गेश पाल जानी नागले राजू महोरिया दीपक महोरियां बृज टांक नितिन टांक सतीश गोहर अमरजीत टांक बी एच आर सी ग्रुप रिलायबल वेलफेयर सोसाइटी के साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण नागरिक जन उपस्थित थे।

## सात सटोरियों पर कार्रवाई, आठ हजार से अधिक जब्त

**इटारसी।** पुलिस ने नगर के दो स्थानों से सात सटोरियों को गिरफ्तार करके उनसे 8 हजार रुपए से अधिक जब्त किये हैं। पुलिस ने इन सभी को रेलवे क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तीन बंगला क्षेत्र में खाली मैदान शिवाजी नगर से सौरभ सल्लाम, कासिम खान, सुनील और राजेन्द्र को पकड़ा जिनसे सट्टा पर्ची, कागज, पेन और 4100 रुपए तथा रेलवे क्वार्टर के पीछे शिवाजी नगर से भागचंद गोलिया, ललित साहू, किशन प्रजापति से सट्टा पर्ची, तीन पेन और नकद 4000 रुपए जब्त किये हैं।

# पचमढ़ी तहसील कार्यालय में नागद्वार मेले से पूर्व नीलामी की कार्यवाही हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



प्रतिवर्ष अनुसार नागद्वार मेले को लेकर निलामी कार्यवाही संपन्न हुई है। पिपरिया एसडीएम संतोष तिवारी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हमने तय अवधि पर नीलामी की प्रक्रिया को पूरा किया है। नीलामी की प्रक्रिया के दौरान पार्किंग, मुख्य नागद्वार मंदिर नीलामी जैसी नीलामी प्रक्रिया को पूरा किया जाता है। पचमढ़ी पहुंचकर नागद्वार क्षेत्र में कार्य कर रहे उन दलों से भी चर्चा हुई जो लगातार नागद्वार मेले से पूर्व मेल क्षेत्र को तैयार कर रहे हैं।पचमढ़ी में बारिश शुरू हो गई है जो सबसे बड़ी राहत की बात है जिससे मेले क्षेत्र में पानी की समस्या को दूर किया जा सकेगा। मेला क्षेत्र में सीढ़ियां रेलिंग इत्यादि पर भी कार्य शुरू है जिस पर संबंधित दल से भी चर्चा हुई है।मेले की तैयारी को लेकर आने वाले समय में बड़ी मीटिंग भी होना है जिसमें जिला कलेक्टर सोनिया मीणा की अध्यक्षता में मेले के तमाम मंडल एवं मेले से जुड़े सभी विभाग चर्चा करेंगे।

# जिला सीईओ के द्वारा परिक्रमा पथ सहित नर्मदा तटों का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी बरसात का म प्रारंभ होते ही शासन पौधरोपण को लेकर पुणे नर्मदा तटों को लेकर खंगालने लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजन सिंह पिपरिया जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमन खातिर कर एवं जिला पंचायत के अन्य अधिकारी कर्मचारियों के साथ महेंद्र पठारिया उप यंत्री ग्राम पंचायत के सचिव सरपंच एवं अधिकारियों कर्मचारियों कीटीम ने ग्राम पंचायत उमरधाखैरा सहलवाडा सिवनी सुरेलाकिशोर सांडिया सहित मां नर्मदा के किनारे बसी हुई सभी ग्राम पंचायत का दौरा किया जहां पर उन्होंने शासन के द्वारा नर्मदा परिक्रमा पथ योजना जो तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा संचालित की गई थी उसे योजना के अंतर्गत परिक्रमा वासियों को निकालने के लिए जो मार्ग तैयार किए गए थे उनका निरीक्षण किया आने वाली बरसात को लेकर इस वर्ष भी लाखों पौधे पथ के किनारे लगाना है। जो कि प्रतिवर्ष शासन के द्वारा लगाए जाते हैं जिनमें लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं। लेकिन अभी तक किसी भी ग्राम पंचायत में वह वृक्ष सुरक्षित नहीं है यह भी एक चर्चा का विषय है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के द्वारा भी परिक्रमा के दौरान निरीक्षण किया गया था जिसमें यह प्रश्न उन्होंने राज्यसभा में भी उठाए थे लेकिन अभी तक इस मामले को लेकर पौधरोपण करने वालों पर तथा राशि हरण करने वालों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई।

# सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में बरसे बदरा, मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में मानसून का आगाज हो चला है। शहर में रुक रुक कर बारिश हो रही है। सतपुड़ा के इस क्षेत्र में बारिश की तीव्रता अन्य क्षेत्रों से अलग होती है। मानसून के शुरुआती दिनों में ही काफी तेज बरसात देखने को मिल रही है।

# बाघदेव के जंगल में दो युवकों से की मारपीट, 80 हजार लूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

औबेदुल्लागंज-बैतूल नेशनल हाईवे पर बाघदेव के जंगल में दो ग्रामीण युवकों से मारपीट कर लूट की वारदात हुई है। लूट करने वाला एक आरोपी युवक का परिचित है। वारदात 25 जून की रात 10.45 बजे की है। वारदात के 22 घंटे बाद केसला थाने में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया। फरियादी हरिओम पिता समरसिंह लोवे 18 वर्ष निवासी मोरपानी है। वह और उसका साथी बबलेश के साथ शोभापुर में रामकृष्ण पटेल के खेत में लेवलिंग के लिए गए थे। लेवलिंग कार्य कर दोनों 80 हजार रुपए लेकर ट्रैक्टर से अपने गांव मारपानी जा रहे थे। उनके साथ में नया पोडार गांव का अंतराम भी था। रात 10.45 बजे नेशनल हाईवे पर बागदेव के जंगल क्षेत्र में आमवाली पुलिया के पास अंतराम ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। फिर आरोपी अंतराम व उसके साथियों ने हरिओम व बबलेश के साथ मारपीट की। जिस बैग में 80 हजार रुपए रखे थे। उसे छीनकर सभी भाग गए। केसला थाना प्रभारी श्रीनाथ झरबड़े ने बताया घटना के बाद फरियादी दोनों डर गए थे। अगले दिन बुधवार शाम को वे थाने आए। शिकायत के बाद आरोपी अंतराम व उसके साथियों के खिलाफ धारा 394 के तहत केस दर्ज किया। आरोपियों को तलाश में पुलिस टीम जुटी है।

# विद्यायक अलावा ने मांगी फर्जी अल्प संख्यक शिक्षा संस्थानों की जानकारी

## सोहागपुर ब्लॉक में एक ही है वैध अल्प संख्यक शैक्षणिक संस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

फर्जी रूप से संचालित होने वाली अल्प संख्यक संस्थाओं पर नकेल कसने के लिए विधायक डॉ हीरालाल अलावा ने शिक्षा विभाग से अल्प संख्यक संस्थानों की वैद्यता की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए आवेदन सौंपा है। विधायक डॉ हीरालाल अलावा द्वारा मध्य प्रदेश में संचालित सभी अल्प संख्यक स्कूलों की जानकारी मांगी गई है। विभागीय पत्र के अनुसार उन्होंने उसमे बिंदुवार अल्प संख्यक स्कूल एवम संचालक का नाम, पिछड़ा वर्ग अथवा अल्प संख्यक कल्याण विभाग के प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी, अल्प संख्यक छात्रों की सूची 2021-22 से वर्तमान वर्ष तक, अल्प संख्यक वर्ग के विद्यार्थी का अनुपात,अल्प संख्यक शिक्षक का अनुपात जानकारी मांगी है। शिक्षा विभाग के अनुसार सोहागपुर ब्लॉक में सैंट पैट्रिक एक मात्र रजिस्टर्ड अल्प संख्यक संस्थान है। इसके अतिरिक्त सोहागपुर में संचालित एक वैध मदरसा भी संचालित है। अल्प संख्यक संस्थानों की चाही गई जानकारी के बाद अब अल्प संख्यक संस्थानों के लिए नई परेशानी खड़ी होने वाली है। बात यादि रजिस्टर्ड मदरसों की बात करें तो ब्लॉक में एक ही मदरसा रजिस्टर्ड है अन्य यदि संचालित है तो उनकी कोई जानकारी शिक्षा विभाग के पास नही है। ऐसे में यदि बिना रजिस्ट्रेशन और अनुमति के कोई मदरसा अल्प संख्यक के नाम से संचालित है तो फिर संभव है कि विभाग उनकी जानकारी एकत्रित कर ही लेगा क्योंकि विधायक डॉक्टर हीरालाल अलावा जो जानकारी मांग रहे हैं उनमें मुख्य विषय तो फर्जी संस्थान है जो बिना किसी अनुमति के संचालित है। बीआरसी राकेश रघुवंशी ने बताया कि ब्लॉक में एकमात्र अल्प संख्यक संस्थान है।

# विभाग की बगैर अनुमति के काम करने वाले लाइनमैन का रोक दिया इंक्रीमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

राज्य विद्युत मंडल कंपनी में पिपरिया शहर डिवीजन में पदस्थ लाइनमैन सुधीर शर्मा अप द्वारा बाजार के फीडर पर लाइनमैन के पद पर पदस्थ हैं। उनके द्वारा विगत दिनों पचमढ़ी रोड पदमश्री मार्ग मंगल भवन के पास ममता प्रजापति के नवीन भवन निर्माण कार्य के दौरान उनके घर के सामने फूल लगा हुआ था जिसे लाइनमैन के द्वारा बगैर विभागीय अनुमति के सास कीय भूमि में मकान से दूर शिफ्ट कर दिया गया एवं इस निर्माणाधीन भवन में अवैध रूप से बिना कोई रसीद काटे अस्थाई कनेक्शन एवं मीटर भी लगा दिया गया। इस बात की शिकायत जागरूक लोगों के द्वारा कार्यपाली नियंत्रित शहर एवं उपमहा प्रबंधक को की गई जिसमें विभाग के द्वारा मामले की जांच की गई जिसमें शहर कार्यपाली नियंत्रित मयंक शर्मा के द्वारा बताया गया कि लाइनमैन के द्वारा अवैध रूप से कनेक्शन लगाया गया जिसका पंचनामा बनाया गया है और उसकी राशि निकल गई है लाइनमैन से राशि की वसूली की जा रही है शासन के खाते में लाइनमैन से बगैर अनुमति के किए गए कार्य पोल शिफ्टिंग के दौरान जो राशि जमा की जाती है वह लाइनमैन से जमा कराई जा रही है तथा उपमहा प्रबंधक पीयूष मंडराहा आया कि लाइनमैन का एक इंक्रीमेंट रोक दिया गया है। तथा राशि जमा कराई जा रही है पदस्थ स्थान से भी तबादला कर दिया गया है लाइनमैन को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया और कार्रवाई की जा रही है। लाइनमैन के द्वारा पूर्व में दिए गए कार्यों की ही जांच की जा रही है उक्त कार्रवाई में संबंधित संलग्न सभी अधिकारी कर्मचारियों पर कार्यवाही की जावेगी। आउटसोर्स कर्मचारी जो लाइनमैन के साथ शामिल होकर कार्य कर रहा था उसे भी हटा दिया है। कार्यपालन यंत्री दुर्गेश मंडलोई ने बताया कि बिजली कटौती की सूचना पूर्व में प्रेस के माध्यम से लोगों को दी जा रही है कोई मेंटेनेंस का कार्य नहीं किया जा रहा है।

# जर्जर स्कूल भवन दे रहे हैं हादसों को न्योता जिला प्रशासन ने तोड़ने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



ग्राम पंचायत आरी मैं स्थित हाई स्कूल की खंडहर भवन को तोड़ने के आदेश कलेक्टर ने जारी किए। क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन के जिला प्रवक्ता केशव साहू ने कलेक्टर नर्मदापुरम को पत्र के माध्यम से अवगत कराया ग्राम पंचायत आरी में हाई स्कूल खंडहर भवन जिसे तोड़ने के लिए निवेदन किया जा रहा है।

किंतु खंडहर भवन को शिक्षा विभाग की ओर से नहीं तोड़ा गया पास ही में बच्चों कि क्लास लगती है कोई बड़ी घटना न हो इसके कारण भवन को जल्द से जल्द तोड़ना आवश्यक है कलेक्टर नर्मदापुरम ने खंडहर भवन को तोड़ने को लेकर टीएल बैठक में आदेश हुआ आने वाले समय में खंडहर भवन को तोड़ दिया जाएगा।

नगर पालिका परिषद ने आवारा घूमते मवेशियों को विरुद्ध शुरू की कार्रवाई

# मुख्य सड़क पर विचरण कर रहे आवारा मवेशी हटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




शहर की सड़कों पर घूमते मवेशी वाहन चालकों व राहगीरों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। यह समस्या हाईवे सहित शहर के लगभग हर रोड पर दिखाई देती है। बरसात शुरू होने के बाद सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा बढ़ गया है। ऐसे में नगर पालिका ने इनको सड़कों से हटाकर पशु मालिकों के पास भेजने अभियान चलाया है। शहर में गोशाला नहीं होने से परेशानी हो रही है, इसलिए पशु मालिकों का पता करके उनको मवेशी सौंपकर इनको छुट्टा छोडने की मनाही की जा रही है।

बता दें कि पशुओं के स्वच्छंद विचरण से आवागमन बाधित होने के साथ राहगीरों में भी भय बना रहता है। सुबह से लेकर रात तक पशु सड़कों पर डटे रहते हैं। इन्हें सड़क से भगाने की कोशिश में ही दुर्घटनाएं घट जाती हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बाजार में होती है जब ये पशु बाजार में घुसकर अव्यवस्था उत्पन्न करते हैं और इन्हें भगाने की कोशिश में कई लोग घायल हो जाते हैं। मेन रोड पर मवेशियों के कारण लोग सीधा से ड्राइव ही नहीं कर सकते। नगर के चौक-चौराहों व गलियों में पशुओं का डेरा कभी न खत्म होने वाली समस्या बन गई है। इनको हटाने नगर पालिका के हाका दल ने अभियान छेड़ा है। आज लगभग डेढ़ सौ मवेशी सड़क से हटाए हैं और यह अभियान जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, उपचार जारी

**हरदा।** जिले में शुक्रवार दोपहर को एक 32 वर्षीय युवक ने कीटनाशक का सेवन कर खुदकुशी करने का प्रयास किया है। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में एडमिट कराया गया है। शहर की श्रीनगर कालोनी में रहने वाले नीरज पिता अशोक कनेरे ने आज यानी शुक्रवार दोपहर को कीटनाशक का सेवन कर सुसाइड करने का प्रयास किया है। इसी दौरान तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए है। जहां उसका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि युवक के चचेरे भाई ने दो दिनों पहले भोपाल में कीटनाशक का सेवन कर लिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। इसी सदमे में उसने भी कीटनाशक का सेवन कर लिया। युवक की एक बेटी है। वही फिलहाल पत्नी गर्भवती है। पुलिस ने युवक के बयान लिए हैं।

### समिति की बैठक आज

**हरदा।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 29 जून को होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि यह बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह की अध्यक्षता में दोपहर 2 बजे से आयोजित की गई है।

### टूथ ब्रशिंग व विशेष अभियान की दी जानकारी

**हरदा।** कलेक्टर ने शुक्रवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को टूथ ब्रशिंग कार्यक्रम व जिले में आयोजित होने वाले विशेष अभियान के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने इस दौरान जनप्रतिनिधियों से अभियान की सफलता के लिए सुझाव भी मांगे। कलेक्टर ने बताया कि टूथ ब्रशिंग कार्यक्रम के तहत सरकारी स्कूलों में बच्चों को ओरल हेल्थ किट वितरित की जाएगी और स्कूल समय में मध्यान्ह भोजन के बाद टूथ पेस्ट व टूथ ब्रश का उपयोग करने का अभ्यास कराया जाएगा ताकि उनमें टूथ ब्रशिंग की नियमित आदत विकसित हो सके। इससे बच्चों के बीच दंत क्षय और मसूड़ों की बीमारियों में कमी आएगी। उन्होने बताया कि जिले में 530 प्राथमिक स्कूलों में 10 वर्ष तक की आयु के लगभग 26523 बच्चे अध्ययनरत है। उन्होने बताया कि शहरी क्षेत्र में दंत चिकित्सक डॉ. पियूष दोगने और निकिता माहेश्वरी इस अभियान की मॉनिटरिंग करेंगे जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 60 सामूदायिक स्वास्थ्य अधिकारी बच्चों में टूथ ब्रशिंग की आदत की मॉनिटरिंग करेंगे।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाए जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा सुदूर गोशाला या गोठान में पहुंचा दिया जाएगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें। पशुपालकों से अपील की है कि अपने गोवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें। नेशनल और स्टेट हाई-वे सहित ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर पालतू पशु भटक रहे हैं।

एक पौधा माँ के नाम कार्यक्रम के संबंध में बैठक की गई आयोजित

# 'एक पौधा माँ के नाम' कार्यक्रम के तहत जिले में रोपे जाएंगे 13 लाख पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला पंचायत के सभाकक्ष में शुक्रवार को एक पौधा माँ के नाम कार्यक्रम के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक डॉ. आर.के. दोगने, हरदा नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया, अध्यक्ष नगर परिषद टिमरनी देवेन्द्र भारद्वाज, डीएफओ अनिल चौपड़ा, डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट मयंक जैन, जिला पंचायत सदस्य रेखा बड़ोदिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह ने उपस्थित जनप्रतिनिधि को बताया कि जिले में 23 विभागों द्वारा 61161 स्थानों पर लगभग 13 लाख पौधों का रोपण 'एक पौधा माँ के नाम' अभियान के तहत लगाया जाएगा। उन्होने सभी से अपील की कि सभी नागरिक व जनप्रतिनिधि कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं।

उन्होने कहा कि यदि किसी को स्थान या पौधों की आवश्यकता हो तो वे इसके लिये हमारे विभागीय अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पौधरोपण के लिये सभी अधिकारी अभियान के लिये दिन निश्चित करें। सभी निकायों के माध्यम से पौधरोपण करें। बैठक में डीएफओ चौपड़ा ने बताया कि पोंसाढ़ाना और मगरधा में वन समितियों के माध्यम से नर्सरी खोली गई है। जहां से शासकीय दर पर पौधे उपलब्ध कराया जाएंगे। इसके अलावा उन्होने बताया कि बांस मिशन के तहत निजी क्षेत्र में भी बांस लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

## 'कोई भी परिवार दस्तावेज विहिन न रहे, सभी के दस्तावेज तैयार कराएं'



महिलाओं एवं 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों के शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य सहित समग्र विकास के लिए जिला प्रशासन इस माह से विशेष अभियान प्रारम्भ करने जा रहा है। कलेक्टर आदित्य सिंह ने शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय खिरकिया में अभियान के तहत सर्वे कार्य की समीक्षा की। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संजीव नागू, जनपद सीईओ प्रवीण इवने, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संजय त्रिपाठी, सीएमएचओ डॉ. एच.पी. सिंह, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बलवन्त पटेल सहित खण्ड स्तरीय अधिकारी व ग्रामों में सर्वे करने वाले कर्मचारी उपस्थित थे।

सभी तैयारियां बारिश से पूर्व पूर्ण करें

## कलेक्टर ने बाढ़ आपदा प्रबंधन की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला पंचायत के सभाकक्ष में शुक्रवार को आपदा प्रबन्धन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक डॉ. आर.के. दोगने, हरदा नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया, अध्यक्ष नगर परिषद टिमरनी देवेन्द्र भारद्वाज, डीएफओ अनिल चौपड़ा, डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट मयंक जैन, जिला पंचायत सदस्य रेखा बड़ोदिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह ने उपस्थित जनप्रतिनिधि से आपदा प्रबन्धन के संबंध में अपने सुझाव मांगे। उन्होने कहा कि बाढ़ एक ऐसी आपदा है, जिसके लिये हम केवल तैयारी रख सकते हैं। उन्होने अधिकारियों से कहा कि सभी अपने से संबंधित सभी तैयारियां बारिश से पूर्व पूर्ण कर लें। कलेक्टर सिंह ने बैठक में बताया कि हमारे द्वारा 76 स्थानों का चयन किया गया है, जहां पूर्व में बाढ़ आपदा की घटना घटित हुई है। उन्होने बताया कि बाढ़ आपदा से निपटने के लिये जिले में विकेन्द्रिकृत योजना बनाई गई है। बुर्जुग एवं गर्भवती महिलाओं को भी चिन्हित किया गया है ताकि हमारी टीम बाढ़ आपदा से पूर्व ही इन्हें वहां से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा सके।

### टेक्निकल जांच कराई जाना चाहिए

बैठक में विधायक डॉ. दोगने ने बताया कि यदि नदियों से गाद प्रापर तरीके से निकाल दी जाए। उन्होने बताया कि बैरागढ़ में स्थित डेम की हाइट बढ़ाने के कारण पानी रूक जाता है, जिससे जतरा पढ़ाव वाला क्षेत्र डूब जाता है। इसकी टेक्निकल जांच कराई जाना चाहिए। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कमेड़िया ने अपने सुझाव देते हुए बताया कि बाढ़ प्रभावितों के लिये हरदा शहर में फरहत सराय, मीडिल स्कूल, बंगाली कॉलोनी के सामूदायिक भवन, मारवाड़ी धर्मशाला, जैन धर्मशाला, लाल स्कूल, कच्छकड़वा धर्मशाला में व्यवस्था की जाएगी। टिमरनी नगर पालिका अध्यक्ष भारद्वाज ने बताया कि बारिश से पूर्व हमारे द्वारा नदी, नालों व नालियों की साफ-सफाई कराई गई है। बाढ़ आपदा से निपटने के लिए धर्मशालाओं व रैन बसेरा में व्यवस्था की गई है।

## ऑपरेशन के डर से अस्पताल की तीसरी मंजिल से कूदने का प्रयास करने लगा मरीज

**लोगों ने पकड़कर अस्पताल चौकी पुलिस के हवाले किया**



**बुरहानपुर।** जिला अस्पताल में गुरूवार दोपहर करीब दो बजे के आसपास अजीब वाकया हुआ। अस्पताल में भर्ती एक मरीज ऑपरेशन के डर से जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल स्थित सर्जिकल वार्ड से कूदने का प्रयास कर रहा था, लेकिन लोगों ने उसे पकड़कर अस्पताल चौकी पुलिस के हवाले कर दिया। दरअसल बांगा पिता रामसिंग निवासी असीरगढ़ दो दिनों से जिला अस्पताल में भर्ती था। दोपहर करीब 2 बजे वह जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल से कूदने का प्रयास कर रहा था, लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया और जिला अस्पताल स्थित पुलिस चौकी ले गए। जब युवक से पूछा गया कि वह ऐसा क्यों कर रहा था तो वह बोला- मेरा ऑपरेशन होने वाला था जिससे मुझे डर लग रहा था। मैं कूद नहीं रहा था। दीवार को पकड़कर रखा था। मेरे पिता को डरा रहा था। तभी यहां मौजूद लोगों ने पकड़ लिया। युवक ने बताया उसकी पसलियों में दर्द है इसलिए यहां भर्ती हूं। युवक मानसिक रूप से कमजोर है। जिला अस्पताल से उसे कुछ देर बाद ही डिस्चार्ज कर दिया गया।

पौधारोपण अभियान

## स्कूली विद्यार्थियों को पढ़ाया जा रहा पर्यावरण संरक्षण का पाठ

**बुरहानपुर।** जिले में पर्यावरण संरक्षण के लिए बच्चों को पौधारोपण का महत्व बताया जा रहा है कि किस प्रकार पेड़ हमारे जीवन में आवश्यक हैं और किस प्रकार एक छोटे से बीज से एक बडे. वृक्ष का निर्माण होता है, जो हमें गहरी छाया के साथ-साथ फल, औषधी, ईधन, शुद्ध ऑक्सीजन देता है। इसके तहत शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली बच्चों को पौधारोपण अभियान के तहत सीड-बॉल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया जा रहा है। स्कूली बच्चे सीड बॉल तैयार कर रहे हैं।

जिले में पौधारोपण अभियान के तहत हर विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं शिक्षा विभाग द्वारा एक लाख सीड-बॉल बनाने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग द्वारा अब तक कुल 3000 सीड-बॉल तैयार किए जा चुके हैं। विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्व सहायता समूहों की महिलाएं बडे. पैमाने पर सीड-बॉल तैयार कर रही है। अभियान के तहत खकनारखुर्द की स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा 10 हजार 710 सीड-बॉल बनाए गए। पौधारोपण अभियान के तहत ग्राम पंचायत अंबाड़ा में 4 हजार 200 व ग्राम बहादरपुर में 16 हजार सीड-बॉल तैयार किए गए हैं। वहीं साईखेड़ाखुर्द में ग्राम पंचायत द्वारा 1250 पौधों का रोपण किया जाना है। इसके लिए गड्ढे खोदे जा रहे हैं। अब तक 600 गड्ढों की खुदाई की जा चुकी है। पौधारोपण अभियान से ग्रामीणों को रोजगार का अवसर भी मिल रहा है। दरअसल सीड बॉल पौधारोपण का एक तरीका है। बारिश होने पर इसे ऊंचे स्थान पर फेंका जाता है। इसमें अलग अलग प्रजातियों के बीज होते हैं। बारिश होने पर यह अंकुरित होकर पौधे और फिर पेड़ बनते हैं।

केंद्रीय रेल मंत्री से मिले सांसद पाटील ने की मांग

## नागपुर भुसावल ट्रेन दोबारा शुरू हो मेमू ट्रेन को भुसावल से चलाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने मुलाकात कर कोरोना काल से बंद की गई नागपुर-भुसावल ट्रेन का दोबारा परिचालन करने, खंडवा से सनावद के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन को भुसावल से शुरू करने की मांग कर पत्र सौंपा।

सांसद ने बताया कोविड 19 के कारण दो साल से नागपुर व्हाया खंडवा भुसावल त्रि साप्ताहिक दादाजी धाम इंटरसिटी ट्रेन बंद होने से नागपुर, बैतूल, पांढुर्ना की ओर आने-जाने वाले रेलयात्रियों व दादाजी धाम दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को अत्याधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।उल्लेखनीय है कि चेंबर आफ कामर्स और जनमंच ने दादाजीधाम इंटरसिटी ट्रेन को जल्द शुरू करवाने के लिए सांसद पाटील से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था। ट्रेन के दोबारा शुरू होने से भुसावल, बुरहानपुर, नेपानगर के यात्रियों को भी सुविधा होगी। सांसद ने बताया ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु और पर्यटकों को ध्यान में रख नया ओंकारेश्वर रोड स्टेशन बनाया जा रहा है। यह कार्य निर्धारित समय में पूर्ण करने के लिए भी केंद्रीय मंत्री से चर्चा की गई।

### ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन करने वाले यात्रियों को भी होगी सुविधा

सनावद-खंडवा मेमू ट्रेन को भुसावल तक चलाने की मांग भी सांसद द्वारा केंद्रीय रेल मंत्री से की गई। उन्होंने बताया कि खंडवा से सनावद तक चलाई जा रही मेमू ट्रेन को सनावद-भुसावल के बीच चलाया जाता है तो गुजरात, महाराष्ट्र के तीर्थयात्रियों को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए पहुंचने में काफी आसानी होगी।इससे महाराष्ट्र के बुलढाना, जलगांव, धुलिया सहित अन्य जिलों और बुरहानपुर के यात्रियों को इस ट्रेन की सुविधा मिलेगी। खंडवा से भुसावल तक 120 किमी हिस्से में बगमार, डोंगरगांव, सागफाटा, नेपानगर, चांदनी, असीरगढ़, बुरहानपुर, रावेर, सावदा और निंभोरा स्टेशन आते हैं। यह ट्रेन इस रूट पर चलती है तो रेलवे को अच्छी आमदनी होगी। क्षेत्रवासियों को भी सुविधा मिलेगी।

### अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**रहटगांव।** अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय रहटगांव का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नामांतरण, बंटवारा के लंबित प्रकरणों व न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा की।

### जाति प्रमाण-पत्र बनवाने समग्र आईडी जरूरी

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदक की या परिवार की समग्र आईडी होना जरूरी किया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछड़े वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछड़े वर्ग पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

## जिले में अब तक 122 एमएम औसत बारिश दर्ज



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 11.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 12, मिलीमीटर, श्यामपुर में 14, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 45.2, बुधनी में 0, रेहटी में 19 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में एक जून से 27 जून को सुबह 8 बजे तक 122 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 142.6 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से 27 जून 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 173.8, मिलीमीटर, श्यामपुर में 118, आष्टा में 85, जावर में 90.8, इछावर में 248, भैरूंदा में 96, बुधनी में 62 तथा रेहटी में 102.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### अवैध मदिरा के विरूद्ध की गई कार्रवाई

**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रह, विक्रय एवं परिवहन की रोकथाम के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी दीप सिंह राठौर ने बताया कि 24 एवं 26 जून को अष्टा विकासखंड के ग्राम चिन्नौटा, फुडरा, मैना, अरनिया, हरनियागांजी में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 6 प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। जिसमें लगभग 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 500 किलो महुआ लाहन जब्त किया गया। जप्तशुदा शराब एवं लाहन का बाजार मूल्य 54,500 रुपए है।



## कृषी मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**हरदा।** सीए रामनिवास गुर्जर प्रदेश कोषाध्यक्ष बीजेपी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नेतृव में एक प्रतिनिधि मंडल ने कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना को एक ज्ञापन दिया। जिसमें हरदा और होशंगाबाद जिले में मूँग ख़रीदी सीमा 3 क्विंटल प्रति एकड़ से बढ़ाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल से चर्चा करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि वे मुख्यमंत्री मोहन यादव से इस बारे में बात करेंगे। उन्होंने आश्वाशन दिया कि जल्द ही इस मामले बात करेंगे। इस दौरान हरि कृष्ण दोगने, रितेश दोगने व पूनम रायखेरे साथ में थे।

दशा कार्यक्रम में गांव के सभी महिला, पुरुष और बच्चे होते हैं शामिल

# आदिवासी समुदाय में प्रचलित है अनूठी परंपरा, अकाल मृत्यु पर बंदर का करते हैं कर्मकांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

आदिवासी समुदाय के लोग वन्य प्राणियों में बंदरों की अकाल मृत्यु को अनिष्ठ मानते हैं और वे ऐसी घटनाओं में उनकी आत्मा की शांति के लिए कर्मकांड भी करते हैं। उनका मानना है कि ऐसा नहीं करने पर अवर्षा और अकाल के हालात बन जाते हैं। ऐसा ही सोनखेड़ी गांव में एक बंदर की मृत्यु का घटनाक्रम चर्चा का विषय बना हुआ है।

घटनाक्रम के अनुसार ग्राम चैनपुर में पिछले दिनों कुत्तों ने हमला कर दिया था, जिसकी असामयिक मौत हो गई। इन बंदरों का समूह आसपास के गांवों में आते जाते हैं, धमाचौकड़ी करते हैं। जिससे बच्चों और ग्रामीणों का मनोरंजन होता है, जिससे उनके मध्य प्रेम की प्रगाढ़ता बढ़ती जाती है। जब उक्त घटना की जानकारी समीपी गांव



सोनखेडी पहुंची तो उनमें शोक की लहर व्याप्त हो गई। यह जानकारी पूर्व सरपंच सीताराम डावर ने दी है। ग्राम के प्रमुख लोगों में हरदास पटेल, बिनाजिया चौहान, जिकन पटेल, भाईलाल डावर, डोंगरसिंह, सदाशिव चौहान ने बताया कि हम बंदरों का हनुमान और श्रीराम भगवान की वानर सेना के रूप में सम्मान करते हैं। इसलिए जब भी किसी वानर की मौत होती है तो उनका अंतिम संस्कार और फिर आदिवासी परम्परानुसार पूरे गांववासी चंदा इकट्ठा कर दशा कार्यक्रम करते हैं।

### सामाजिक पंचायत में होता है निर्णय

उक्त घटनाक्रम के बाद गांव में भिलाला और बारेला समुदाय के लोगों की सामाजिक पंचायत हुई और तारीख तय होने पर चौकीदार ने सभी को सूचना दी थी। जिससे इस दिन गांव से कोई बाहर नहीं गया और करीब 300 से अधिक महिला, पुरुष और बच्चे इस दशा कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस दौरान गांव के



बाहर उनके रहने के स्थानों याने वृक्षों के पास पूजा अर्चना कर भोग लगाकर मृत बन्दर की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इसके बाद सामूहिक भोज दिया गया। इस तरह उक्त समुदाय के लोग बंदरों को देव तुल्य के रूप में सम्मान देते हैं और उनकी सुरक्षा को लेकर सदैव सजग रहते हैं। इस घटना की सर्वत्र चर्चा की जा रही है।

## पुलिस ने की बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाई

**44 चालकों पर चालान कर 16300 रुपए का शुल्क वसूला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

यातायात पुलिस द्वारा हरदा शहर के मुख्य चौराहों पर वाहन चेकिंग की गई जिसमें यातायात पुलिस द्वारा बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट (ल्रफढ) वाले वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 44 चालकों पर चालान कर 16 हजार 300 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया।

वाहन चालकों को हाई सिक्योरीटी नम्बर प्लेट लगवाने की समझाईस दी गई। पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने बताया की ल्रफढ प्लेट एल्युमिनियम से बनी होती हैं। इसे विभिन्न वाहन संबंधी अपराधों से निपटने के लिये उन्नत सुरक्षा सुविधाओं , छेड़छाड़ और अनधिकृत हटाने से रोकने के लिए विशिष्ट रूप से डिजाइन किया गया है। एचएसआरपी की खासियत इसकी स्थायी पहचान संख्या है, जिसे लेजर के जरिए प्लेट पर अंकित किया जाता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सभी प्रकार के वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। थाना प्रभारी यातायात संदीप सुनेश ने बताया की ल्रफढ लगाने के लिये स्वयं भी वाहन संबंधी जानकारी भरकर ऑन लाईन बुक कर सकते है। बुक की गई नंबर प्लेट संबंधित डीलर के पास 03-04 दिवस में प्राप्त हो जाती है।

